मज़मूनों की फ़िहरिस्त

बाब १

शुरू के हुक्म

१—ऐक्ट का नाम। कहां कहां जारी होगा। और कब जारी होगा॥

२—तारीफ़ें॥

३—इस ऐक्ट का जारी कर देना॥

बाब २

गांव की अदालतों का क़ायम किया जाना और उनके ओहदेदारों का मुक़र्रर किया जाना वग़ैर:

४—गांव की अदालतों का क़ायम किया जाना॥

५—गांव के मुंसिफ़ का मुक़र्रर किया जाना॥

६—मुअत्तल या मौक़ूफ़ किया जाना गांव के मुंसिफ़ का॥

७—गांव की अदालत की कारवाई की मिसिल और उसके रजिस्टर॥

८—सम्मनों की और हुक्मों की तामील॥

बाब ३

अख़्तियार समाअत (नालिशें सुनने का अख़्तियार) और निज़ा फ़ैसलशुदा (निबटाये हुए झगड़े) और मियाद समाअत (नालिशों के दायर होने की मियाद)

९—नालिशें जो गांव के मुंसिफ़ सुन सकते हैं ॥

१०—जब दोनों फ़रीक़ राज़ी हों तो दो सौ रुपये तक की मालियत की नालिशों के सुनने का अख़्तियार ॥

११—अदालत जिसमें नालिश दायर की जायगी ॥

१२—ऐसी नालिश जिस से गांव के मुंसिफ़ को कोई ज़ाती ताल्लुक़ (लगाव) हो ॥

१३—निज़ा फ़ैसलशुदा (निबटाये हुए झगड़े) और ऐसी नालिशें जिनका फ़ैसला न हुआ हो ॥

१४—नालिश में पूरा दावा दाख़िल किया जायगा ॥

१५—इत्तिफ़ाक़ी फ़ैसला ऐसे मामिलो का जिनकी सुनाई गांव के मुंसिफ़ नहीं कर सकते हैं ॥

१६—नालिशों और दरख़ास्तों की मियाद ॥

१७—जो नालिशें गांव के मुंसिफ़ सुन सकते हैं उनको दीवानी की दूसरी अदालत भी जिसको अख़्तियार हो सुन सकती है ॥

१८—नालिशों का उठा लेना ॥

बाब ४

नालिशों की अरज़ियों का लिखा जाना और अदालत में दाख़िल किया जाना। सम्मनों का जारी किया जाना और फ़रीक़ों पर उनकी तामील (यानी फ़रीक़ों के पास सम्मनों का पहुंचाना)। मुक़दमे का मुलतवी होना और (किसी फ़रीक़ के) हाज़िर न होने के नतीजे

१९—नालिश अरज़ीदावा के दाख़िल होने से शुरू होगी
२०—अरज़ीदावा में क्या क्या बातें लिखी जांयगी ॥
२१—अरज़ीदावा की तरमीम (यानी अदल बदल या दुरुस्ती)
२२—अरज़ीदावा की नामंज़ूरी ॥
२३—अदालत में (मुद्दई और मुद्दालेह को) अपने आप
या मुख़्तार के ज़रिये से हाज़िर होना चाहिये ॥
२४—मुद्दालेह पर सम्मन की तामील किस तरह की जा-
यगी ॥
२५—तरीक़ा तामील का जब मुद्दालेह तामील से बचना
चाहे ॥
२६—तरीक़ा तामील का जब मुद्दालेह अदालत के हलक़े
से बाहर रहता हो ॥
२७—कारवाई का तरीक़ा उस हाल में जब मुद्दालेह
हाज़िर न हो। मुद्दालेह यह दावा कर सकता है कि
उसके पास नालिश का इत्तिलानामा ऐसे वक़्त पहुंचा
दिया जाय कि उसको सात दिन का वक़्त मिले ॥
२८—कारवाई का तरीक़ा उस हाल में जब मुद्दई हाज़िर
न हो और मुद्दालेह दावे को क़बूल न करे या जब
सम्मन की तामील मुद्दई के क़सूर से न हुई हो ॥
—कारवाई का तरीक़ा उस हाल में जब मुद्दई हाज़िर
न हो और मुद्दालेह दावे को क़बूल करे ॥
—वजह दिखलाने पर वह हुक्म जो दफ़ा २८ या दफ़ा
२९ के बमूजिब हो मंसूख़ कर दिया जायगा ॥
मंसूख़ी डिगरी यक तरफ़ा की जो ...

बाब ६

डिगरी का और डिगरी के जारी कराने व

३२—कोई डिगरी उस वक़्त तक मंसूख नहीं कीजायगी च तक दूसरे फ़रीक़ को इत्तिला न दे दी जाय ॥

बाब ५

नालिशों का सुना जाना। दस्तबरदारी (यानी दावे से हाथ उठाना) । या राज़ीनामा। और गवाहों की तलबी और उनकी गवाही का लिया जाना

३३—काररवाई का तरीक़ा उस हाल में जब दोनों फ़रीक़ हाज़िर हों ॥

३४—नालिश से दस्तबरदार होना (हाथ उठा लेना) ॥

३५—नालिश का फ़ैसला हलफ़ पर या इक़रार सालिह पर (यानी ऐसे इक़रार पर जिसको इक़रार करने वाला सच्चा बताये) कब हो सकता है ॥

३६—मुजराई (यानी मुद्दाअलेह का अपने किसी दावे को मुद्दई के दावे के मुक़ाबिले में पेश करना) ॥

३७—जो गवाह हाज़िर न होंगे वे तलब किये (बुलवाये) जायगे ॥

३८—गवाहों के नाम सम्मनों की तामील किस तरह होगी ॥

३९—सम्मन हाज़िरी और गवाही देने के लिये या दस्तावेज़ पेश करने के लिये होगा ॥

४०—बाज़े लोगों का असालतन (यानी आप) अदालत में हाज़िर होने से माफ़ होना ॥

४१—बन्द सवाल (वह काग़ज़ जिसमें लिख कर मुक़द्दमे के हाल पूछे जांय) कब जारी किया जायगा ॥

४२—गवाहों का इज़हार लिया जाना ॥

४३—मुलतवी किया जाना मुक़द्दमे का इस ख़याल से कि आपस में राज़ीनामा हो जायगा या किसी और वजह से ॥

बाब ६

डिगरी का और डिगरी के जारी करने का बयान

४४—जब (मुक़द्दमे की) समाअत (सुनाई) हो चुकेगी तो अदालत डिगरी देगी ॥

४५—डिगरी में क्या क्या लिखा जायगा ॥

४६—डिगरी में सूद अदा करने का हुक्म या यह हुक्म दिया जा सकता है कि डिगरी का रुपया क़िस्तों में अदा किया जाय ॥

४७—कौन सी अदालत डिगरी का इजरा कर सकती है ॥

४८—किसी ख़ास जायदाद मनक़ूला की डिगरी किस तरह जारी की जायगी ॥

४६—जो रुपया डिगरी या किसी और निपटाव के बमूजिब देना हो वह गांव के मुंसिफ़ के सामने दे दिया जायगा या अगर डिगरी का कोई और फ़ैसला (निपटाव) हो तो वह गांव के मुंसिफ़ के सामने लिख दिया जायगा ॥

५०—कोई डिगरी का देनदार पकड़ा नहीं जायगा। न ग़ैर-मनक़ूला जायदाद कुर्क़ की जायगी ॥

५१—जायदाद मनक़ूला की कुर्क़ी ॥

५२—जब जायदाद डिगरी के देनदार के क़ब्ज़े में हो तो उसकी कुर्क़ी किस तरह की जायगी ॥

६५—डिगरी इजरा के लिये एक गांव के मुंसिफ़ के पास से दूसरे गांव के मुंसिफ़ या ज़िले के मुंसिफ़ के पास, भेजी जा सकती है ॥

६६—जज ज़िला को अख़्तियार है कि किसी डिगरी के इजरा का मुक़दमा उठा ले ॥

६७—गांव का मुंसिफ़ ऐसी डिगरी की बाबत दरख्वास्त मंज़ूर न करेगा जो ज़िले के मुंसिफ़ की अदालत में भेजी गई हो या जिसको जज ने उठा लिया हो ॥

बाब ७

मुतफ़र्रिक़ बातें

६८—अगर किसी मुक़दमे के फ़रीक़ के मरने के बाद दरख्वास्त कीजाय तो उस मरे हुए शख़्स के जायज़ क़ायम मुक़ाम (यानी वारिस वग़ैरः) का नाम मिसिल में दाखिल हो सकता है ॥

६९—अगर कोई दरख्वास्त पेश न की जाय तो नालिश डिसमिस कर दी जायगी ॥

७०—अगर एक से ज़्यादा मुद्दई या मुद्दालेह हों तो नालिश ज़िन्दा मुद्दई या मुद्दालेह की दरख्वास्त पर या उसके मुक़ाबिले में क़ायम रहेगी ॥

७१—अगर डिगरीदार मर जाय तो उसके जायज़ क़ायम मुक़ाम (यानी वारिस वग़ैरः) का नाम उसकी जगह क़ायम हो सकता है ॥

५३—अगर जायदाद डिगरी के देनदार के क़ब्ज़े में न हो तो उसकी कुर्क़ी किस तरह की जायगी ॥

५४—क़रज़े कैसे कुर्क़ किये जायंगे ॥

५५—कुर्क़ी के बाद किसके तौर पर जायदाद का मुआहिदा कर देना नाजायज़ होगा ॥

५६—ऐसे दावों की तहक़ीक़ात जो कुर्क़ की हुई जायदाद की बाबत हों ॥

५७—कुर्क़ की हुई जायदाद का ऐसी तारीख़ पर नीलाम होगा जो कुर्क़ी की तारीख़ से कम से कम पन्द्रह दिन बाद हो और नीलाम का इश्तिहार दिया जायगा और ढिंढोरा पिटवाया जायगा ॥

५८—नीलाम का तरीक़ा ॥

५९—नीलाम के मुलतवी करने का अख़्तियार ॥

६०—गांव के मुंसिफ़ और दूसरे ओहदेदार कुर्क़ की हुई जायदाद के नीलाम में बोली न बोलेंगे न उसको ख़रीदेंगे ॥

६१—मौक़ूफ़ किया जाना नीलाम का जब क़रज़े का रुपया और ख़रचा पेश किया जाय ॥

६२—नीलाम का रुपया किस किस काम में आयेगा ॥

६३—जो जायदाद क़ब्ज़े में लेली जाय वह नीलाम के ख़रीदार को देदी जायगी ॥

६४—दूसरी सूरतों में जायदाद किस तौर से ख़रीदार को दी जायगी ॥

६५—डिगरी इजरा के लिये एक गांव के मुंसिफ़ के पास से दूसरे गांव के मुंसिफ़ या ज़िले के मुंसिफ़ के पास, भेजी जा सकती है ॥

६६—जज ज़िला को अख़्तियार है कि किसी डिगरी के इजरा का मुक़दमा उठा ले ॥

६७—गांव का मुंसिफ़ ऐसी डिगरी की बाबत दरख़ास्त मंज़ूर न करेगा जो ज़िले के मुंसिफ़ की अदालत में भेजी गई हो या जिसको जज ने उठा लिया हो ॥

बाब ९

मुतफ़र्रिक़ बातें

६८—अगर किसी मुक़दमे के फ़रीक़ के मरने के बाद दरख़ास्त कीजाय तो उस मरे हुए शख़्स के क़ायम मु-क़ाम (यानी वारिस वग़ैरः) का नाम मिसिल में दा-ख़िल हो सकता है ॥

६९—अगर कोई दरख़ास्त पेश न की जाय तो नालिश डि-समिस कर दी जायगी ॥

७०—अगर एक से ज़्यादा मुद्दई या मुद्दालेह हों तो ना-लिश ज़िन्दा मुद्दई या मुद्दालेह की दरख़ास्त पर या उसके मुक़ाबिले में क़ायम रहेगी ॥

७१—अगर डिगरीदार मर जाय तो उसके क़ायम मु-क़ाम (यानी वारिस वग़ैरः) का नाम उसकी जगह क़ायम हो सकता है ॥

७२—अगर डिगरी का देनदार मर जाय तो डिगरी उसके जायज़ क़ायम मुक़ाम (यानी वारिस वग़ैरः) पर जारी कीजा सकती है ॥

७३—जज ज़िला के यहां गांव की अदालत की कारवाइयों की निगरानी ॥

७४—रसूम जो इस ऐक्ट के बमूजिब लीजायगी ॥

७५—डाक का महसूल ॥

७६—गवर्नमेंट का अख़्तियार नमूनों और नक़्शों और क़ायदों के मुक़र्रर करने का और जज ज़िला का अख़्तियार काग़ज़ात के मुआइने का ॥

७७—गवर्नमेंट क़ायदे बना सकती है ॥

७८—किसी ज़िले या हलक़े में से इस ऐक्ट को उठा लेना और हलक़ों की हदों का बदलना ॥

७९—जब किसी ज़िले या हलक़े से यह ऐक्ट उठा दिया जाय तो उन नालिशों का तसफ़ीया क्योंकर होगा जो फ़ैसल न हुई हों ॥

८०—मजमूआ ज़ाब्ता दीवानी और मुफ़स्सिलात के ऐक्ट अदालतहाय मतालिबा ख़फ़ीफ़ा और ऐक्ट रसूम अदालत का मुतअल्लिक़ न होना ॥

ज़मीमा

बाज़ी नालिशों की मियाद समाअत (यानी वह मियाद जिसके अन्दर सुनी जा सकती है) ॥

ऐक्ट नम्बर ३ बाबत सन्
१८९२ ई०

जारी किया हुआ जनाब नव्वाब लेफ़्टिनेंट गवर्नर बहादुर मुमालिक मग़रबी व शिमाली (पश्चिमोत्तर देश) व अवध बइजलास कौंसिल का ॥

[जो १० नवम्बर सन १८९२ ई० को जनाब नव्वाब लेफ़्टि-नेंट गवर्नर बहादुर मुमालिक मग़रबी व शिमाली (पश्चिमोत्तर देश) व अवध ने मंज़ूर किया और १४ फ़र्वरी सन् १८९३ ई० को जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर ने मंज़ूर किया] ॥

[ऐक्ट वास्ते क़ायम करने गांव की अदालतों के मुमालिक मग़रबी व शिमाली (पश्चिमोत्तर देश) और अवध में]

चूंकि यह मुनासिब है कि मुमालिक मग़रबी व शिमाली (पश्चिमोत्तर देश) और अवध में गांव की अदालतें मुक़र्रर की जायं इस लिये नीचे लिखे हुए हुक्म क़ानून के जारी किये जाते हैं—

बाब १

शुरू के हुक्म

दफ़ा १—(१) इस ऐक्ट का नाम "मुमालिक मग़रवी व शिमाली (पश्चिमोत्तर देश) और अवध गांव की अदालतों का ऐक्ट सन् १८ ई०" होगा।

ऐक्ट का नाम। कहां कहां जारी होगा। और कब से जारी होगा

(२) यह ऐक्ट उस सारे मुल्क से ताल्लुक़ रक्खे जो उस वक़्त में जब यह ऐक्ट जारी किया जाय मुमालिक मग़रवी व शिमाली के नव्वाब लेफ़्टिनेंट गवर्नर और मुल्क अवध के चीफ़ कमिश्नर बहादुर की हुकूमत में हो। और

(३) यह ऐक्ट फ़ौरन जारी हो जायगा॥

दफ़ा २—अगर मज़मून से या इबारत के ढंग से कोई और बात न पाई जाय तो इस ऐक्ट में और उन क़ायदों में जो उसके बमूजिब बनें-

तारीफ़ें

(१) "मौज़ा" से मतलब हर ऐसी जगह है जो उस ज़िले के माल के काग़ज़ों में जहां वह हो गांव या मौज़ा के तौर पर लिखी गई हो। मगर उसमें कोई ऐसी जगह दाख़िल नहीं है जो किसी म्युनिसिपैलिटी की हद के अन्दर हो या जहां ऐक्ट २० सन् १८५६ ई० जारी हो।

(२) "गांव के मुंसिफ़" से मतलब ऐसी गांव की अदालत का हाकिम है जो इस ऐक्ट के बमूजिब क़ायम हुई हो।

(३) "कलक्टर" से मतलब ज़िले के उस बड़े हाकिम से है जिसको उस ज़िले का माल का इन्तिज़ाम सिपुर्द हो जिसमें वह गांव की अदालत हो।
(४) "जज ज़िला" से मतलब ज़िले के उस जज से और "ज़िले के मुंसिफ़" से मतलब उस मुंसिफ़ से है जो ऐक्ट १२ सन् १८८० ई० या ऐक्ट १३ सन् १८०६ ई० के बमूजिब मुक़र्रर किया गया हो और जिसके इलाक़े की हद के अन्दर वह गांव की अदालत हो।
(५) "हलक़ा" से मतलब उस इलाक़े से है जिसके अन्दर कोई गांव का मुंसिफ़ अपना इख़्तियार वर्ते।
(६) "जायदाद ग़ैर मनक़ूला" में यह सब चीज़ें दाख़िल हैं यानी ज़मीन और इमारतें और रास्ते का या रोशनी का या घाट का या मछली पकड़ने का हक़ या किसी और फ़ायदे का हक़ जो ज़मीन से पैदा होने वाला हो और वे चीजें जो ज़मीन से लगी हुई हो या ऐसी चीज़ से मुस्तक़िल तौर से लगादी या बांध दी गई हो जो ज़मीन से लगी हुई हो। मगर उसमें ऐसी फ़सिल जो उग रही हो या घास दाख़िल नहीं है।
(७) "जायदाद मनक़ूला" से मतलब हर क़िस्म की जायदाद से है सिवाय जायदाद ग़ैरमनक़ूला के॥
(८) "चौकीदार" से मतलब ऐसा गांव का चौकीदार है जो मुमालिक मग़रबी व शिमाली के ऐक्ट पुलीस देहात व सड़क नम्बर १६ सन् १८०३ ई० या अवध के क़ानूनों के ऐक्ट नम्बर १८ सन् १८०६ ई० के बमूजिब मुक़र्रर हो॥

दफ़ा ३—गवर्नमेंट को अख़्तियार है कि सरकारी गज़ट में इश्तिहार छापकर इस ऐक्ट को किसी ज़िले में या ज़िले के किसी हिस्से में जारी कर दे

इस ऐक्ट का जारी कर देना

बाब २

गांव की अदालतों का क़ायम किया जाना और उनके ओहदेदारों का मुक़र्रर किया जाना वग़ैरः

दफ़ा ४—गवर्नमेंट सरकारी गज़ट में इश्तिहार छाप कर—

गांव की अदालतों का क़ायम किया जाना

(१) उस ज़िले या हिस्से ज़िले के जिसमें यह ऐक्ट जारी कर दिया गया हो ऐसे हलक़े बनायेगी जो एक एक मौज़े के या कई कई मौज़ों के या कई मौज़ों के हिस्सों के होंगे। और गवर्नमेंट को अख़्तियार है कि

(२) ऐसे हर हलक़े में एक अदालत गांव की उसी के लिये क़ायम करे। ॥

जो गांव की अदालत इस तरह क़ायम हो उसका इजलास गांव का मुंसिफ़ अपने हलक़े के भीतर जहां चाहे करे ॥

दफ़ा ५—गांव के मुंसिफ़ों को कलक्टर उन क़ायदों के मुताबिक़ जो इस ऐक्ट के बमूजिब बनें मुक़र्रर करेगा और वे इस क़दर मियाद तक गांव के मुंसिफ़ रहेंगे जो मुक़र्रर कीजाय।

गांव के मुंसिफ़ का मुक़र्रर किया जाना

मगर कोई ऐसा शख़्स जो उस हलक़े के अन्दर न रहता हो जिसके लिये गांव की अदालत क़ायम की गई हो उसका मुंसिफ़ मुक़र्रर नहीं किया जा सकता है ॥

मुअत्तल या मोक़ूफ़ किया जाना गांव के मुंसिफ़ का

दफ़ा ६—कलक्टर को अख़्तियार है कि ऐसी तहक़ीक़ात करके जो ज़रूरी हो और अपनी किस्मत के कमिश्नर की लिखी हुई मंज़ूरी लेकर अपने लिखे हुए हुक्म से किसी गाव के मुंसिफ़ को नालायकी या काम में ग़फ़लत या बदचलनी की वजह से या किसी और मुनासिब और काफ़ी वजह से मुअत्तल या मोक़ूफ़ करदे ॥

जब ऐसी ही वजहें किसी गाव के मुंसिफ़ की अदालती कारवाई से ज़ाहिर हो और जज ज़िला हुक्म दे तो कलक्टर को लाज़िम होगा कि उस गाव के मुंसिफ़ को मुअत्तल या मोक़ूफ़ करे ॥

गांव के मुंसिफ़ की मुअत्तली या मोक़ूफ़ी के हर हुक्म का अपील उस हुक्म की तारीख़ से तीन महीने के अन्दर गवर्नमेंट के हुज़ूर में किया जा सकता है ॥

गांव की अदालत की कारवाई की मिसिल और उसके रजिस्टर

दफ़ा ७—गाव के मुंसिफ़ को लाज़िम है कि फारसी या देवनागरी ख़त में अपनी अदालत की कारवाई की मिसिल रक्खा करे। और एक या कई रजिस्टर इस गरज़ से रक्खे कि उनमें—(१) वह नालिशें जो दायर हों चढ़ाई जाय। और (२) इजराय डिगरी की दरख़्वास्तें ...

दफ़ा ३—गवर्नमेंट को अख़्तियार है कि सरकारी गज़ट में इश्तिहार छापकर इस ऐक्ट् को किसी ज़िले में या ज़िले के किसी हिस्से में जारी कर दे

इस ऐक्ट् का जारी कर देना

बाब २

गांव की अदालतों का क़ायम किया जाना और उनके ओहदेदारों का मुक़र्रर किया जाना वग़ैरः

दफ़ा ४—गवर्नमेंट सरकारी गज़ट में इश्तिहार छाप कर—

गांव की अदालतों का क़ायम किया जाना

(१) उस ज़िले या हिस्से ज़िले के जिसमें यह ऐक्ट् जारी कर दिया गया हो ऐसे हलक़े बनायेगी जो एक एक मौज़े के या कई कई मौज़ों के या कई मौज़ों के हिस्सों के होंगे। और गवर्नमेंट को अख़्तियार है कि

(२) ऐसे हर हलक़े में एक अदालत गांव की उसी के लिये क़ायम करे। ॥

जो गांव की अदालत इस तरह क़ायम हो उसका इजलास गांव का मुंसिफ़ अपने हलक़े के भीतर जहां चाहे करे ॥

दफ़ा ५—गांव के मुंसिफ़ों को कलक्टर उन क़ायदों के माफ़िक़ जो इस ऐक्ट् के बमूजिब बनें मुक़र्रर करेगा और वे उस क़दर मियाद तक गांव के मुंसिफ़ रहेंगे जो मुक़र्रर कीजाय।

गांव के मुंसिफ़ का मुक़र्रर किया जाना

मगर कोई ऐसा शख़्स जो उस हलक़े के अन्दर न रहता हो जिसके लिये गांव की अदालत क़ायम की गई हो उसका मुंसिफ़ मुक़र्रर नहीं किया जा सकता है ॥

मुअत्तल या मौक़ूफ़ किया जाना गांव के मुंसिफ़ का

दफ़ा ६—कलक्टर को अख़्तियार है कि ऐसी तहक़ीक़ात करके जो ज़रूरी हो और अपनी क़िस्मत के कमिश्नर को लिखो हुई मंज़ूरी लेकर अपने लिखे हुए हुक्म से किसी गांव के मुंसिफ़ को नालायक़ी या काम में ग़फ़लत या बदचलनी की वजह से या किसी और मुनासिब और काफ़ी वजह से मुअत्तल या मौक़ूफ़ करदे ॥

जब ऐसी ही वजहें किसी गांव के मुंसिफ़ की अदालती कारखाई से ज़ाहिर हों और जज ज़िला हुक्म दे तो कलक्टर को लाज़िम होगा कि उस गांव के मुंसिफ़ को मुअत्तल या मौक़ूफ़ करे ॥

गांव के मुंसिफ़ की मुअत्तली या मौक़ूफ़ी के हर हुक्म का अपील उस हुक्म की तारीख़ से तीन महीने के अन्दर गवर्नमेंट के हुज़ूर में किया जा सकता है ॥

गांव की अदालत की कारखाई की मिसिल और उसके रजिस्टर

दफ़ा ७—गांव के मुंसिफ़ को लाज़िम है कि फ़ारसी या देवनागरी ख़त में अपनी अदालत की कारखाई की मिसिल रक्खा करे। और एक या कई रजिस्टर इस तरह से रक्खे कि उनमें—(१) वह नालिशें जो दायर हों चढ़ाई जाय। और (२) इजराय डिगरी की दरख़ास्तें चढ़ाई जाय ॥

गांव के मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि कारवाई की मिसिल और रजिस्टर या रजिस्टरों को या तो आप लिखे या किसी और शख़्स से जो इस काम के लिये मुक़र्रर किया गया हो ख़ास अपनी निगरानी में लिखवाये। मगर कोई शख़्स बग़ैर मंज़ूरी कलक्टर के आम तौर से इस काम के लिये मुक़र्रर नहीं किया जायगा ॥

सम्मनों की और हुक्मों की तामील

दफ़ा ८—गांव के मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि अपने हलक़े के किसी मौज़े के चौकीदार को या किसी और शख़्स को इस काम पर मुक़र्रर करे कि वह उन सम्मनों और नोटिसों (इत्तिला नामों) की तामील करे जो इस ऐक्ट के बमूजिब जारी किये जांय और गांव के मुंसिफ़ के उन हुक्मों को तामील करे जो उस जायदाद मनक़ूला को अपने क़ब्ज़े में लाने और नीलाम करने और हवाले करने (देदेने) के लिये हों जिसकी क़ुर्क़ी इस ऐक्ट के बमूजिब की गई हो। मगर चौकीदार के सिवा और कोई शख़्स बग़ैर मंज़ूरी कलक्टर के आम तौर से इस काम के लिये मुक़र्रर नहीं किया जायगा ॥

यह काम चौकीदार के ज़िम्मे होगा कि ऐसे सम्मनों और नोटिसों (इत्तिलानामों) और हुक्मों को तामील करे जो उसको गांव का मुंसिफ़ इस दफ़ा के बमूजिब हवाले करे और दे ॥

बाब ३

अख़्तियार समाअत (नालिशें सुनने का अख़्तियार)। और निज़ा फ़ैसल शुदा (निवटाये हुए झगड़े)। और मियाद समाअत (नालिशों के दायर होने की मियाद)

दफ़ा ६—गाव के मुंसिफ़ नीचे लिखी हुई क़िस्मों की नालिशें सुन सकते हैं—यानी ऐसे दावे जो क़ौल क़रार पर नक़द रुपये की बाबत हो या जायदाद मनक़ूला की या उसकी मालियत की बाबत हों या ऐसे हरजे की बाबत हो जो माल मनक़ूला को बेजा तौर से लेने या उसको नुक़सान पहुंचाने की बाबत हो जबकि उस क़रज़े या दावे या हरजे की तादाद या मालियत बीस रुपये से ज़्यादा न हो॥

नालिशें जो गांव के मुंसिफ़ सुन सकते हैं

मगर नीचे लिखे हुए दावों की नालिशें किसी गाव की अदालत मे दायर न की जायगी —

(१) साझे के हिसाब की बाक़ी का दावा।

(२) जो चीज़ ऐसा शख़्स छोड़े जो बग़ैर वसीयत के मर जाय उसके हिस्से या हिस्से के हिस्से की बाबत। या ऐसी चीज़ या उसके हिस्से की बाबत जो कोई शख़्स वसीयत के ज़रिये से किसी को दे जाय।

(३) गवर्नमेंट की या सरकारी ओहदेदारों की तरफ़ से या गवर्नमेंट या सरकारी ओहदेदारों पर दावा उनके ओहदेदार सरकारी होने की हैसियत से।

(४) दावा नाबालिग़ों या पागलों की तरफ़ से उनके ऊपर।

(५) किसी ऐसे झगड़े या मामिले का दावा जिसकी बाबत कोई नालिश लगान और माल की अदालतों में की जा सकती है या कोई दरख़ास्त उन अदालतों में दी जा सकती है॥

दफ़ा १०—गांव के मुंसिफ़ को यह अख़्तियार है कि जब दोनों फ़रीक़ राज़ी हों तो दो सौ रुपये तक की मालियत की नालिशों के सुनने का अख़्तियार

जब दोनों फ़रीक़ इस बात का राज़ीनामा गांव मुंसिफ़ के सामने लिख दें तो उस क़िस्म की नालिशें जो दफ़ा ९ में लिखी हैं उस हालत में भी सुने और उनका फ़ैसला करे जब दावे की तादाद या मालियत दो सौ रुपये से ज़्यादा न हो॥

दफ़ा ११—जो हुक्म दफ़ा १२ में लिखे हैं उन की पाबन्दी से इस ऐक्ट की हर एक नालिश उस हलक़े को गांव की अदालत में दायर की जायगी जिस में नालिश के शुरू होने के वक़ सब मुद्दालेह रहते हों या कार व बार करते हों या अपने नफ़े के लिये आप काम करते हों॥

अदालत जिसमे नालिश दायर की जायगी

दफ़ा १२—कोई गांव का मुंसिफ़ किसी ऐसी नालिश की सुनाई और तजवीज़ न करेगा जिसमे वह ख़ुद फ़रीक़ हो या जिससे उसको कोई ज़ाती ताल्लुक़ (लगाव) हो। और ऐसी कारवाई की निस्बत जो ऐसी नालिश से ताल्लुक़ रखती हो या उससे पैदा हो कोई अदालती तहक़ीक़ात और तजवीज़ न करेगा

ऐसी नालिश जिससे गांव के मुंसिफ़ को कोई ज़ाती ताल्लुक़ (लगाव) हो

निज़ा फ़ैसल शुदा (निबटाये हुए झगड़े) और ऐसी नालिशें जिन का फ़ैसला न हुआ हो

दफ़ा १३—कोई गांव का मुंसिफ़ किसी ऐसी नालिश या बहस (झगड़े की बात) की तहक़ीक़ात और तजवीज़ न करेगा जो किसी ऐसे मामिले की बाबत हो जो मामिला किसी पहिली नालिश में उन्हीं फ़रीक़ों के दरमियान या ऐसे फ़रीक़ों के दरमियान जिनके ज़रिये से हाल के फरीक़ दावेदार हों किसी अदालत मजाज़ ने सुना हो और उस का फ़ैसला कर दिया हो या (अब) ऐसी अदालत की पेशी में हो ॥

समझाने की बात—जो फ़ैसला गांव का मुंसिफ़ दफ़ा १७ के बमूजिब इत्तिफ़ाक़ी फ़ैसले के तौर पर किसी ऐसे मामिले का करदे जिसकी बाबत किसी नालिश के फ़रीक़ों के दरमियान झगड़ा हो उस फ़ैसले की बाबत इस दफ़ा की गरज़ से यह समझा जायगा कि वह अदालत मजाज़ का फ़ैसला है। सिवाय उस हालत के कि ऐसे इत्तिफ़ाक़ी फ़ैसले के बाद गांव के मुंसिफ़ के सिवा किसी और अदालत मजाज़ ने उसी मामिले की सुनाई करके उस का फ़ैसला कर दिया हो ॥

नालिश में पूरा दावा दाखिल किया जायगा

दफ़ा १४—हर ऐसी नालिश में जो किसी गांव की अदालत में दायर की जायगी वह पूरा दावा दाखिल किया जायगा जिसके पेश करने का हक़ मुद्दई इस झगड़े के मामिले की निस्बत रखता हो। मगर मुद्दई को अख़्तियार है कि इस गरज़ से कि नालिश उस अदालत की सुनाई के लायक़ हो जाय अपने दावे का कोई हिस्सा छोड़ दे ॥

अगर मुद्दई अपने दावे के किसी हिस्से की बाबत नालिश न करे या जान बूझ कर उसको छोड़ दे तो फिर मुद्दई उस

हिस्से की बाबत जो इस तौर पर नालिश करने से रह गया हो या जिसका दावा मुद्दई ने छोड़ दिया हो और अलग नालिश न कर सकेगा ॥

दफ़ा १५—अगर किसी ऐसी नालिश का फ़ैसला करने मे जिस की सुनाई गांव का मुंसिफ़ कर सकता है इस बात की ज़रूरत पड़े कि किसी ऐसे मामिले का इत्तिफ़ाक़ी फ़ैसला कर दिया जाय जिसकी बाबत उस नालिश के फ़रीक़ों में झगड़ा हो और जो जाय-दाद ग़ैरमनक़ूला में हक़ की बाबत हो। या दोनों फ़रीक़ों में से किसी फ़रीक़ की क़ानूनी हैसियत की बाबत हो। या उन शख़्सों की क़ानूनी हैसियत की बाबत हो जिनके ज़रिये से हाल के फ़रीक़ दावेदार हों। या किसी क़ौल क़रार या ज़िम्मेदारी के होने या न होने की बाबत हो। और जो ऐसा हो कि अगर वह ना-लिश ख़ास उसी मामिले की बाबत होती तो इस ऐक्ट के बमू-जिब गांव का मुंसिफ़ उस को सुनाई न कर सकता। तो गांव के मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि उस हक़ या क़ानूनी हैसियत या क़ौल क़रार या ज़िम्मेदारी की बाबत उस क़दर फ़ैसला कर दे जिस क़दर उस नालिश के फ़ैसले के लिये ज़रूर हो। मगर यह फ़ैसला किसी और नालिश या काररवाई में किसी ऐसी अदा-लत मे जो गांव की अदालत न हो—चाहे यह दूसरी नालिश या काररवाई भी उन्हीं पहिली नालिश वाले फ़रीक़ों या उनके क़ायम मुक़ामों के दरमियान हो—उस हक़ या क़ानूनी हैसियत या क़ौल क़रार या ज़िम्मेदारी का सबूत न होगा॥

इत्तिफ़ाक़ी फ़ैसला ऐसे मामिलों का जिनकी सुनाई गांव के मुंसिफ़ नहीं कर सकते हैं

नालिशों और दरख़्वास्तों की मियाद

दफ़ा १६—गांव का मुंसिफ़ कोई ऐसी नालिश या दरख़्वास्त (तजवीज़ और फ़ैसले के लिये) मंज़ूर न करेगा जो उस वक़्त से तीन बरस गुज़र जाने के बाद पेश की जाय जब पहिले पहिल नालिश या दरख़्वास्त के पेश करने का हक़ पैदा हुआ हो। जो नालिशें ज़मीमा मे (यानी उस नक़शे में जो इस ऐक्ट के आख़ीर में है) लिखी हैं उनके वास्ते ख़ास (यानी तीन बरस के सिवा और) मियादें मुक़र्रर हैं॥

जो नालिशें गांव के मुंसिफ़ सुन सकते हैं उनको दीवानी की दूसरी अदालत भी जिस को अख़्तियार हो सुन सकती है

दफ़ा १७—ऊपर की दफ़ाओं में चाहे कुछ ही लिखा हो तब भी यह बात हो सकती है कि जो नालिश गांव के मुंसिफ़ के सुनने और फ़ैसला करने के लायक हो वह किसी और ऐसी अदालत दीवानी में दायर की जाय जिस को उसके तजवीज करने का अख़्तियार हो और इस दूसरी अदालत में उसकी समाअत (सुनाई) की जाय॥

नालिशों का उठा लेना.

दफ़ा १८—ज़िले के मुंसिफ को अख़्तियार है कि उस वक़्त से पहिले जब दफ़ा ३३ के बमूजिब मुद्दा-लेह का जवाब किसी नालिश को बा-बत लिख लिया जाय या दाख़िल दफ़्तर किया जाय मुद्दई की दरख़्वास्त पर उस नालिश को गांव के मुंसिफ़ की अदालत से उठाले और अपने आप उसकी तहक़ीक़ात और तजवीज़ इस तरह करे जिस तरह इस नालिश के ख़ास अपनी अदालत मुंसिफ़ी मे दायर होने की हालत मे करता। नीचे लिखी हुई सूरतो मे ज़िले के मुंसिफ़ को लाज़िम है कि किसी नालिश को गांव की अदालत से उठाले ते। अगर

आप उसका फ़ैसला उस तरह करे जिस तरह उस नालिश के ख़ास अपनी अदालत मुंसिफ़ी में दायर होने की हालत में करता—

(१) जब कि मुद्दालेह उस नालिश का जवाब दफ़ा ३३ के बमूजिब लिखे जाने या दाख़िल होने से पहिले किसी वक़्त उस नालिश के उठा लेने की दरख़ास्त करे। या

(२) जब कि दोनों फ़रीक़ों में से किसी फ़रीक़ की दरख़ास्त पर जो किसी वक़्त उस नालिश का फ़ैसला होने से पहिले पेश हो ज़िले के मुंसिफ़ का यह इतमीनान हो जाय (इस बात से जी भर जाय) कि वह गांव का मुंसिफ़ उस नालिश का कोई फ़रीक़ है या उस से कुछ ताल्लुक़ (लगाव) रखता है॥

मगर यह बात ज़रूरी है कि जो फ़रीक़ यह दरख़ास्त करे कि कोई नालिश गांव की अदालत से उठाली जाय और उसकी तजवीज़ ज़िले का मुंसिफ़ करे उसको लाज़िम होगा कि नालिश उठाने का हुक्म होने से पहिले उतनी फ़ीस (रसूम या क़ीमत स्टाम्प की) देदे जो उस नालिश के अरज़ी दावा पर सन् १८७० ई० के ऐक्ट रसूम अदालत (नालिशों और दरख़ास्तों पर स्टाम्प लगाने के ऐक्ट) के बमूजिब देनी चाहिये॥

बाब ४

नालिशों की अर्ज़ियों का लिखा जाना और अदालत में दाखिल किया जाना। सम्मनों का जारी किया जाना और फ़रीकों पर उनकी तामील (यानी फ़रीकों के पास सम्मनों का पहुंचाना)। मुक़दमे का मुलतवी होना और (किसी फ़रीक़ के) हाज़िर न होने के नतीजे

दफ़ा १९—इस ऐक्ट के बमूजिब हर नालिश इस तरह दायर की जायगी कि अरज़ी दावा और उसकी उतनी नक़लें जितने कि मुद्दालेह हों गांव की अदालत में दाखिल की जांय। एक नक़ल अरज़ी दावा की सम्मन के साथ उन हुक्मों के मुताबिक़ हवाले की जायगी या लगा दी जायगी जो इस ऐक्ट में आगे लिखे हैं॥

नालिश अरज़ी दावा के दाखिल होने से शुरू होगी

दफ़ा २०—अरज़ी दावा फ़ारसी या देवनागरी हरफ़ों में लिखा जायगा और उस पर मुद्दई के दस्तख़त होंगे। अरज़ी दावा में नीचे लिखी हुई बातें होनी चाहियें—

अरज़ी दावा में क्या क्या बातें लिखी जायगी

(१) नाम और बाप का नाम और क़ौम (ज़ात) और पेशा वगैरः और रहने की जगह मुद्दई और मुद्दालेह की।

(२) साफ़ और मुख़्तसर हाल उस मामिले का जिसका झगड़ा हो। और यह कि वह कब पैदा हुआ।

(३) यह कि क्या दादरसी दरकार है (यानी मुद्दई क्या चाहता है)। और पूरी तादाद या मालियत दावे का।

दफ़ा २१—गांव के मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि अपने आप

अरज़ी दावा की तरमीम (यानी अदल बदल या दुरुस्ती)

ही या मुद्दई की दरख़ास्त पर मुक़द्दमे की पहिली सुनाई के वक़्त या उससे पहिले किसी वक़्त उस हालत में अरज़ी दावा की तरमीम करे (यानी उसको अदल बदल या दुरुस्त करे) जब अरज़ी दावा में यह सब बातें ठीक ठीक तरह से न लिखी हों जिनके उस में लिखने का हुक्म है। या जब उस में यह मामिला जिसका झगड़ा हो या यह बात कि क्या दादरसी दरकार है (यानी मुद्दई क्या चाहता है) पूरे तौर से न लिखी हो। या जब उस पर मुद्दई के दस्तख़त न हों॥

दफ़ा २२—अगर अरज़ीदावा को देखने या मुद्दई से पूछ पाछ

अरज़ीदावा की नामंज़ूरी

करने के बाद गांव के मुंसिफ़ को यह मालूम हो कि नालिश ऐसी है जिसको वह नहीं सुन सकता है या उसके सुने जाने की मियाद गुज़र गई है तो गांव के मुंसिफ़ को लाज़िम होगा कि उस अरज़ीदावा के ऊपर हुक्म लिख कर उसको नामंज़ूर करदे॥

दफ़ा २३—(१) जो नालिश किसी गांव की अदालत में दायर

अदालत में (मुद्दई और मुद्दालेह को) अपने आप या मुख़्तार के ज़रिये से हाज़िर होना चाहिये

हुई हो उस के फ़रीक़ों को लाज़िम है कि अपने आप या मुख़्तार के ज़रिये से उस अदालत में हाज़िर हों और गांव के मुंसिफ़ के सामने अपने मुक़द्दमे की बहस करें। मगर गांव के मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि जब वह इंसाफ़ की ग़रज़ से यह बात ज़रूरी समझे तो नालिश के किसी फ़रीक़ को यह हुक्म दे कि वह आप ही हाज़िर हो। और अगर वह फ़रीक़ [illegible]

हुक्म दिया जाय आप हाज़िर न हो तो उसके हक़ में वही नतीजे पैदा होंगे जो उस हालत में होते कि वह न तो अपने आप न मुख़्तार के ज़रिये से हाज़िर होता ॥

(२) लफ़्ज़ "मुख़्तार" से मतलब ऐसे नौकर या गुमाश्ते या कारिन्दे या शरीक या रिश्तेदार या दोस्त से है जिसको अदालत किसी एक फ़रीक़ की तरफ़ से काम करने लायक़ समझ कर उसका मुख़्तार होना मंज़ूर करे। और जिसको किसी आम या ख़ास लिखी हुई सनद के ज़रिये से उस फ़रीक़ की तरफ़ से हाज़िर होने और मुक़द्दमे में बहस करने की इजाज़त दी गई हो॥

(३) क़ानून पेशा लोगों (यानी वक़ीलों मुख़्तारों वग़ैरः) को गाव की अदालत में पैरवी करने की इजाज़त नहीं दी जायगी॥

दफ़ा २४—जब अरज़ीदावा ज़ाब्ते के माफ़िक़ दाख़िल हो जाय तो गाव का मुंसिफ़ उसको रजिस्टर में चढ़वायेगा और लिखे हुए सम्मन के ज़रिये से मुद्दालेह को यह हुक्म देगा कि जो तारीख सम्मन में मुक़र्रर हुई है उसपर हाज़िर हो और दावे की जवाबदिही करे। सम्मन की तामील मुद्दालेह की जात पर की जायगी और जो शख़्स इस काम के लिये दफ़ा ८ के बमूजिब मुक़र्रर किया जायगा वह एक नक़ल सम्मन की मय एक नक़ल अरज़ीदावा के मुद्दालेह को हवाले करेगा ॥

मुद्दालेह पर सम्मन की तामील किस तरह की जायगी

दफ़ा २५—अगर गाव के मुंसिफ़ का यह इत्मीनान हो जाय कि मुद्दालेह सम्मन की तामील से बचना चाहता है तो गाव के मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि यह हुक्म दे कि उस सम्मन की तामील मुद्दालेह के ख़ान्दान के

तरीक़ा तामील का जब मुद्दालेह तामील से बचना चाहे

किसी पूरी उमर वाले मर्द पर जो उसके साथ रहता हो की जाय और एक नक़ल उसकी मय एक नक़ल अर्ज़ीदावा के उस पूरी उमर वाले मर्द को हवाले की जाय। या यह हुक्म दे कि एक नक़ल सम्मन की उस मकान पर जिसमें मुद्दालेह अक्सर रहता हो किसी ऐसी जगह जो सब को दिखलाई दे लगा दी जाय॥

तरीक़ा तामील का जब मुद्दालेह अदालत के हलक़े से बाहर रहता हो

दफ़ा २६—जब कभी इस बात की ज़रूरत पड़े कि सम्मन की तामील किसी मुद्दालेह पर उस गांव की अदालत के हलक़े के बाहर की जाय जिसमें नालिश दायर है तो—

(१) वह सम्मन उस हलक़े की गांव की अदालत में भेजा जायगा जिसमें मुद्दालेह रहता हो। या

(२) अगर मुद्दालेह किसी गांव की अदालत के हलक़े के अन्दर न रहता हो तो वह सम्मन उस ज़िले के मुंसिफ़ के पास भेजा जायगा जिसके इलाक़े के अन्दर मुद्दालेह रहता हो॥

गांव का मुंसिफ़ या ज़िले का मुंसिफ़ उस सम्मन के पाने पर उसकी तामील इस तरह से करायेगा जिस तरह उस हालत में कराता जब उसी (गाव के मुंसिफ़ या ज़िले के मुंसिफ़) ने उस को जारी किया होता। और फिर उस सम्मन को उसी गांव की अदालत में (जिसने सम्मन भेजा था) मय रिपोर्ट तामील के वापस भेज देगा। यह रिपोर्ट ज़ाहिरी सबूत इसका समझी जायगी कि जो बातें उसमें लिखी हैं वे सच हैं॥

दफ़ा २०—अगर कोई मुद्दालेह अपने आप या मुख़ार के ज़रिये से उस तारीख़ पर हाज़िर न हो जो (उस मुक़दमे में) मुक़र्रर की गई हो और अगर गांव के मुंसिफ़ को यह इतमीनान हो जाय कि सम्मन की तामील ज़ाब्ते के माफ़िक़ हो गई तो उस मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि एकतरफ़ा कारवाई करे॥

कारवाई का तरीक़ा उस हाल में जब मुद्दालेह हाज़िर न हो। मुद्दालेह यह दावा कर सकता है कि उसके पास नालिश का इत्तिलानामा ऐसे वक़ पर पहुंचा दिया जाय कि उसको सात दिन का वक़ मिले

अगर गांव के मुंसिफ़ को यह इतमीनान न हो कि सम्मन की तामील ज़ाब्ते के माफ़िक़ हो गई तो उसको लाज़िम होगा कि नया सम्मन जारी करे।

हर एक मुद्दालेह यह दावा कर सकता है कि उसके पास ालिश का इत्तिलानामा ऐसे वक़ में पहुंचा दिया जाय कि उस पूरे सात दिन का वक़ मिल जाय। और अगर सम्मन की ील इस क़दर पहिले से न हो जाय कि मुद्दालेह को काफ़ी रस का मिले कि वह मुक़र्रर की हुई तारीख़ पर जवाब-दिही कर सके तो मुक़दमे की समाअत (सुनाई) किसी और अगली तारीख़ तक मुलतवी की जायगी और लिखी हुई इत्तिला उस तारीख़ की मुद्दालेह को दी जायगी।

दफ़ा २८—अगर उस तारीख़ पर जो मुद्दालेह की हाज़िरी के लिये मुक़र्रर हो—

कारस्वाई का तरीक़ा उस हाल में जब मुद्दई हाज़िर न हो और मुद्दालेह दावे को क़बूल न करे या जब सम्मन की तामील मुद्दई के क़सूर से न हुई हो।

(१) दोनों फ़रीक़ों में से कोई भी अदालत में हाज़िर न आये। या

(२) मुद्दई हाज़िर न हो और मुद्दालेह हाज़िर हो और दावे को क़बूल न करे। या

(३) सम्मन की तामील मुद्दई के क़सूर की वजह से न हुई हो और मुद्दालेह हाज़िर न हो।

तो नालिश डिसमिस (ख़ारिज) की जायगी सिवाय उस सूरत के कि गांव का मुंसिफ़ कोई और हुक्म दे॥

दफ़ा २९—अगर मुद्दई हाज़िर न हो मगर मुद्दालेह हाज़िर हो और पूरे दावे को या उसके कुछ हिस्से को क़बूल करे तो गांव की अदालत मुद्दालेह पर उसके इक़बाल के बमूजिब डिगरी करेगी॥

कारस्वाई का तरीक़ा उस हाल में जब मुद्दई हाज़िर न हो और मुद्दालेह दावे को क़बूल करे

वजह दिखलाने पर उस हुक्म का जो दफ़ा २८ या दफ़ा २९ के बमूजिब हो मंसूख़ किया जाना

दफ़ा ३०—जब कोई नालिश दफ़ा २८ की ज़िम्न (१) या ज़िम्न (३) के बमूजिब डिसमिस की जाय तो मुद्दई को अख़्तियार है कि नई नालिश दायर करे और अगर दफ़ा २८ की ज़िम्न (२) के बमूजिब नालिश के डिसमिस किये जाने की तारीख़ से या उस डिगरी की तारीख़ से जो दफ़ा २९ के बमूजिब दावे के फ़क़त कुछ हिस्से की बाबत हुई हो तीस दिन के अन्दर मुद्दई गांव के मुंसिफ़ का यह इतमीनान कर दे कि वह किसी काफ़ी वजह से हाज़िर न हो सका तो गांव के मुंसिफ़ को लाज़िम होगा कि उस डिसमिसी के हुक्म या डिगरी को मंसूख़ कर दे और कोई और तारीख़ उस नालिश में काररवाई होने के लिये मुक़र्रर करे॥

मंसूखी एकतरफ़ा डिगरी को जो मुद्दा-लेह पर हुई हो

दफ़ा ३१—हर ऐसे मुद्दालेह को जिस पर कोई डिगरी एकतरफ़ा हुई हो अख़्तियार है कि जिस तारीख़ को उस डिगरी के जारी होने के हुक्मनामे की तामील हो उससे तीस दिन के अन्दर गांव की अदालत में यह दरख़्वास्त दे कि वह डिगरी मंसूख़ कर दी जाय। और अगर गांव के मुंसिफ़ का यह इतमीनान हो जाय कि सम्मन या नोटिस की तामील ज़ाब्ते के माफ़िक़ नहीं हुई थी या यह इतमीनान हो जाय कि मुद्दालेह किसी काफ़ी वजह से हाज़िर न हो सका तो गांव के मुंसिफ़ को लाज़िम होगा कि उस डिगरी को मंसूख़ कर दे और कोई तारीख़ उस नालिश में काररवाई के लिये मुक़र्रर करे॥

दफ़ा ३२—ऐसी दरख़ास्त पर जो दफ़ा ३० या दफ़ा ३१ के बमूजिब दी जाय कोई डिगरी उस वक़्त तक मंज़ूर नहीं की जायगी जब तक दूसरे फ़रीक़ पर नोटिस (इत्तिलानामा) की तामील न हो जाय ॥

कोई डिगरी उस वक़्त तक मंज़ूर नहीं की जायगी जब तक दूसरे फ़रीक़ को इत्तिला न दी जाय

बाब ५

नालिशों का सुना जाना। दस्तबरदारी (यानी दावे से हाथ उठाना) या राज़ीनामा और गवाहों की तलबी और उनकी गवाही का लिया जाना

दफ़ा ३३—जब मुद्दालेह हाज़िर हो तो गांव का मुंसिफ़ उससे पूछेगा कि तुम उस दावे को जो अर्ज़ीदावा में है क़बूल करते हो या नहीं। अगर मुद्दालेह उस दावे को क़बूल करे या अगर मुक़दमे में राज़ीनामा हो जाय तो इक़बाल या रज़ामन्दी लिख ली जायगी और उस पर दोनों फ़रीक़ों के दस्तख़त कराये जायंगे और गांव का मुंसिफ़ उसके मुताबिक़ डिगरी देगा। अगर मुद्दालेह दावे को क़बूल न करे तो उससे कहा जायगा कि तुम अपने उज़्र या तो ज़बानी बयान करो या लिख कर पेश करो। अगर वह अपने उज़्र ज़बानी बयान करे तो अदालत उनका ख़ुलासा लिख लेगी।

कारवाई का तरीक़ा उस हाल में जब दोनों फ़रीक़ हाज़िर हों

मुक़द्दमे को इस ग़रज़ से मुलतवी कर दे कि मुद्दालेह बयान तहरीरी (यानी लिखा हुआ बयान) दाख़िल कर सके ॥

नालिश से दस्तबरदारी होना (हाथ उठा लेना)

दफ़ा ३४—अगर मुद्दई नालिश से दस्तबरदार होना (यानी हाथ उठा लेना) चाहे तो यह बात लिख कर गांव के मुंसिफ़ पर ज़ाहिर करदे। और गांव के मुंसिफ़ को लाज़िम होगा कि उस मुक़द्दमे को अपनी अदालत के मुक़द्दमों की फ़िहरिस्त या रजिस्टर से निकाल डाले। और जिस दावे की यह नालिश थी उसी की बाबत कोई और नई नालिश (फिर कभी) नहीं हो सकेगी ॥

नालिश का फ़ैसला हलफ़ पर या इक़रार सालिह पर (यानी ऐसे इक़रार पर जिसको इक़रार करनेवाला सच्चा बताये) कब हो सकता है

दफ़ा ३५—अगर दोनों में से कोई फ़रीक़ इस बात पर राज़ी हो कि नालिश का फ़ैसला किसी ऐसी क़िस्म के हलफ़ या इक़रार सालिह पर (यानी ऐसे इक़रार पर जिसको इक़रार करने वाला सच्चा बताये) कर दिया जाय जिसका लिहाज़ दूसरे फ़रीक़ पर वाजिब है और वह दूसरा फ़रीक़ इस बात पर राज़ी हो जाय और वैसा हलफ़ उठाले या वैसा इक़रार करे तो गांव के मुंसिफ़ को लाज़िम होगा कि उस हलफ़ या इक़रार के माफ़िक़ फ़ैसला करदे ॥

मुजराई (यानी मुद्दालेह का अपने किसी दावे को मुद्दई के दावे के मुक़ाबिले में पेश करना)

दफ़ा ३६—मुद्दालेह को अख़्तियार है कि किसी रक़म का दावा जो उसको वाजिबी तौर पर मुद्दई से पाना हो और जिसकी बाबत वह गांव की अदालत में नालिश कर सकता था (मुद्दई के दावे के मुक़ाबिले में) पेश करे। अगर मुद्दालेह का दावा साबित हो

जाय तो उस रक़म की डिगरी की जायगी जो (दोनों के दावों का हिसाब करके) आख़िर में किसी एक फ़रीक़ को दूसरे फ़रीक़ से पाना निकले ॥

दफ़ा ३०—जब मुद्दालेह का बयान पेश हो जाय तो अदालत इस बात की तहक़ीक़ात शुरू करेगी कि मुद्दई का दावा सच्चा है या नहीं और दोनों फ़रीक़ों के ऐसे गवाहों को जो हाज़िर न हों तलब करेगी ॥

जो गवाह हाज़िर न होंगे वे तलब किये (बुलाये) जायंगे

दफ़ा ३८—कोई ऐसा गवाह जो गाव की अदालत के हलक़े के अन्दर रहता हो ज़बानी या लिख कर तलब किया (बुलाया) जा सकता है। हर ऐसा गवाह जो अदालत के हलक़े से बाहर रहता हो सम्मन के ज़रिये से तलब किया (बुलवाया) जा सकता है। और उस सम्मन की तामील नीचे लिखे हुए तरीक़े से होगी—

गवाहों के नाम के सम्मनों की तामील किस तरह होगी

(१) उस हलक़े के गांव के मुंसिफ़ के ज़रिये से जिस में गवाह रहता हो। या

(२) अगर गवाह किसी गांव के मुंसिफ़ के हलक़े में न रहता हो तो उस ज़िले के मुंसिफ़ के ज़रिये से जिसके इलाक़े में गवाह रहता हो।

वह गांव का मुंसिफ़ या ज़िले का मुंसिफ़ उस सम्मन के आने पर उसकी तामील इस तरह से करायेगा जैसे उस हालत में कराता जब वह आप उस सम्मन को जारी करता। और फ़िर उस को उस गाव की अदालत में (जिसने सम्मन जारी किया है) उस की तामील की रिपोर्ट के साथ वापस भेज देगा ॥

दफ़ा ३६—सम्मन में उस शख़्स को जो तलब किया (बुलाया) जाय या तो यह हुक्म हो सकता है कि वह हाज़िर होकर गवाही दे या यह हुक्म हो सकता है कि कोई दस्तावेज़ पेश करे या पेश कराये ॥

सम्मन हाज़िरी और गवाही देने के लिये या दस्तावेज़ पेश करने के लिये होगा

दफ़ा ४०—नीचे लिखे हुए लोग तलब नहीं किये जायगे—

ऐसे लोगों का असा-
ल (यानी आप) अ-
दालत में हाज़िर होने
से माफ़ होना

(१) वे लोग जो उस गांव की अदालत के हलक़े से बाहर किसी ऐसी जगह रहते हो जो उस जगह से आठ मील से ज्यादा दूर हो जहा उस अदालत का गाव का मुंसिफ़ अपना इजलास करता हो। और

(२) ऐसी औरतें जिनको इस मुल्क के दस्तूर और रवाज के मुाफ़िक़ परदे से बाहर निकलवाना नहीं चाहिये। और

(३) वे लोग जो असालतन (यानी आप) अदालत में हाज़िर होने से माफ़ हैं। और

(४) हर ऐसा आदमी जिसको बीमारी या बदन की कमज़ोरी की वजह से हाज़िर होने में बहुत ज़्यादा तकलीफ़ हो। और

(५) वे लोग जिनको गवर्नमेंट ने इस ऐक्ट के बमूजिब गांव की अदालत में असालतन (यानी आप) हाज़िर होने से माफ़ कर दिया हो।

मगर जब किसी ऐसे शख़्स के इज़हार के लिये जाने की ज़रूरत हो जिसका हाल ज़िम्न (१) या (३) या (४) या (५) में लिखा है और वह शख़्स उस अदालत के हल्क़े में रहता हो तो गांव का मुंसिफ़ उस शख़्स का इज़हार उसके मकान पर लेगा।

बन्द सवाल (यह काग़ज़ जिसमें मुक़दमे के हाल पूछे जांय) कब जारी किया जायगा

दफ़ा ४१—(१) अगर कोई फ़रीक़ नालिश का यह चाहे कि किसी ऐसे गवाह की गवाही ली जाय जिसको असालतन (यानी आप) हाज़िर होने का हुक्म नहीं दिया जा सकता है और जो उस गांव की अदालत के हल्क़े से बाहर रहता हो तो गांव के मुंसिफ़ को अख़्तियार होगा कि अगर वह उसकी गवाही ज़रूरी समझे तो किसी ऐसे गवाह के इज़हार लिये जाने की ग़रज़ से बन्द सवाल (यानी वह काग़ज़ जिसमें लिख कर मुक़दमे के हाल पूछे जांय) बनाये और उसको एक ख़त (चिट्ठी) के साथ उस शख़्स को देदे या उसके पास भेज दे जिसको मुक़दमे के दोनों फ़रीक़ या गांव का मुंसिफ़ उस गवाह का इज़हार लिये जाने के लिये बतौर अहल कमीशन मुक़र्रर करें या करे। अगर वह अहल कमीशन जो इस तरह मुक़र्रर किया जाय इस काम के करने पर राज़ी हो तो उसको लाज़िम होगा कि जल्दी से उस गवाह का इज़हार बन्द सवाल के बमूजिब लेकर उसके जवाब उस अदालत को भेज दे जिसमें वह नालिश दायर है। हर ऐसे गवाह को जिसके इज़हार लेने का उस अहल कमीशन

को इस तरह अख़्तियार दिया गया हो लाज़िम होगा कि जब उस से वह अहल कमीशन इज़हार देने को कहे तो इज़हार दे। और इस दफ़ा की ग़रज़ के लिये उस अहल कमीशन की निस्बत यह समझा जायगा कि वह गाव का मुंसिफ़ है ॥

(२) अगर मुक़द्दमे के फ़रीक़ या गांव का मुंसिफ़ इस दफ़ा की ज़िम्न (१) के बमूजिब अहल कमीशन मुक़र्रर न करे या न करे या अगर वह शख़्स जो इस दफ़ा की ज़िम्न (१) के बमूजिब अहल कमीशन मुक़र्रर किया गया हो इस काम के करने से इनकार करे और वह गवाह किसी गांव के मुंसिफ़ के हलक़े में रहता हो तो गांव की अदालत को लाज़िम होगा कि बन्द सवाल उस गाव के मुंसिफ़ के पास भेजदे। और वह गाव का मुंसिफ उस गवाह के इज़हार उस बन्द सवाल के बमूजिब लेकर उसके जवाब उस अदालत मे भेज देगा जिसमे मुक़दमा दायर हो ॥

गवाहों का इज़हार लिया जाना

दफ़ा ४२—लाज़िम है कि गवाहों का इज़हार हल्फ़ से या इक़रार सालिह मे (यानी ऐसे इक़रार से जिसको इक़रार करनेवाला सच्चा बताये) लिया जाय। और जो कुछ वे बयान करे उसका असल मतलब गाव का मुंसिफ़ लिख ले ॥

मुल्तवी किया जाना मुक़दमे का इस उम्मेद से कि आपस में राज़ीनामा हो जायगा या किसी और वजह से

दफ़ा ४३—अगर इस बात की उम्मेद हो कि मुक़दमे के फ़रीक़ आपस मे राज़ी होकर (नालिश के) मामिले का आप ही फैसला कर लेंगे तो इस वजह से या किसी और काफ़ी वजह से गाव का मुंसिफ मुक़द्दमे का सुनना किसी पेशी तारीख तक मुल-तवी कर सकता है जो दोनो फ़रीक़ों का

मौजूदगी में मुक़र्रर की जाय या जब मुद्दालेह हाज़िर न आया हो तो मुद्दई की मौजूदगी में मुक़र्रर कीजाय। अगर उस तारीख़ पर जो इस तरह मुक़र्रर की जाय दोनों फ़रीक़ या कोई एक फ़रीक़ हाज़िर न हो तो गांव के मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि उस नालिश का फ़ैसला उन तरीक़ों में से किसी एक तरीक़े के माफ़िक़ करे जो दफ़ा ९८ और दफ़ा ९९ में लिखे हैं। या कोई और ऐसा हुक्म दे जो वह मुनासिब समझे॥

मगर जब कोई फ़रीक़ यह बयान करे कि मैं ने दफ़ा ९८ के बमूजिब ज़िले के मुंसिफ़ को नालिश उठा लेने की दरख़ास्त दी है या ऐसी दरख़ास्त देना चाहता हूं और इस वजह से उस नालिश के मुलतवी होने की दरख़ास्त दे तो गांव के मुंसिफ़ को लाज़िम होगा कि उस नालिश की सुनाई (अपनी अदालत में) किसी ऐसी तारीख़ तक मुलतवी करदे जो दोनों फ़रीक़ों की हाज़िरी में मुक़र्रर कीजाय। अगर उस तारीख़ को यह मालूम हो कि नालिश उठा लेने की कोई दरख़ास्त ज़िले के मुंसिफ़ को नहीं दी गई तो गांव का मुंसिफ़ उस नालिश की सुनाई शुरू कर देगा। या अगर उस तारीख़ पर कोई एक या दोनों फ़रीक़ हाज़िर न हो तो गांव के मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि उस नालिश का फ़ैसला उन तरीक़ों में से किसी तरीक़े के माफ़िक़ करे जो दफ़ा ९८ और दफ़ा ९९ में लिखे है। या कोई और ऐसा हुक्म दे जो वह मुनासिब समझे॥

बाब ६

डिगरी का और डिगरी के जारी करने का बयान

दफ़ा ४४—जब दोनों फ़रीक़ों या उनके मुख़्तारों के बयानों की

जब मुक़दमे की समाअत (मुनाई) हो चुकेगी तो अदालत डिगरी देगी

समाअत (मुनाई) हो जाय और दोनों तरफ़ के सबूत और गवाही पर ग़ौर हो जाय तो गाव की अदालत ऐसी डिगरी देगी जो मुनासिब और वाजिबी और ईमान्दारी के मुताबिक़ मालूम हो ॥

दफ़ा ४५—डिगरी में यह बातें लिखी जायगी—यानी नालिश

डिगरी में क्या क्या लिखा जायगा

का नम्बर और दोनों फ़रीक़ों के नाम और वह मामिला जिसका झगड़ा हो और जो उसका फ़ैसला किया गया हो और वे वजहें जिन से यह फ़ैसला किया गया हो । डिगरी में तफ़सील उस रुपये की जो दिलाया जाय और उस जायदाद मनकूला की जिसके हवाले करने का हुक्म हो और उस रुपये की तादाद की जो उस जायदाद के हवाले न करने से देना होगा और ख़रचे की तादाद लिखी जायगी । और यह भी लिखा जायगा कि कौन तथा फ़रीक़ कितना कितना ख़रचा अदा करेगा ॥

डिगरी में उस दिन को तारीख़ लिखी जायगी जब यह दी जाय और उस पर गाव का मुंसिफ़ अपने दस्तख़त करेगा । हर फ़रीक़ को यह हक़ होगा कि उसके दरख़ास्त करने पर उसको नक़ल डिगरी की दी जाय ॥

दफ़ा ४६—गांव के मुंसिफ़ को अख़्तियार है कि अपनी राय के माफ़िक़ नक़द रुपये की नालिशों में डिगरी के रुपये पर ऐसी शरह से जो छः रुपये सैकड़े सालाना से ज़्यादा न हो डिगरी की तारीख़ से अदा करने की तारीख़ तक सूद के दिये जाने का हुक्म डिगरी में लिखे॥

डिगरी में सूद अदा करने का हुक्म या यह हुक्म दिया जा सकता है कि डिगरी का रुपया क़िस्तों में अदा किया जाय

जब कोई गांव की अदालत नक़द रुपया अदा करने की डिगरी करे तो उसको यह हुक्म देने का अख़्तियार है कि वह रुपया क़िस्तों के ज़रिये से सूद समेत या बिला सूद अदा किया जाय। और उस सूद की शरह उस क़दर से ज़्यादा न होगी जो ऊपर लिखी है॥

दफ़ा ४७—लाज़िम है कि जब (इजराय डिगरी की) लिखी हुई दरख़ास्त गुज़रे तो वह गांव का मुंसिफ़ जिस ने वह डिगरी की हो डिगरी जारी करे या वह गांव का मुंसिफ़ या ज़िले का मुंसिफ़ जारी करे जिस के पास वह डिगरी जारी करने के वास्ते नीचे लिखे हुए हुक्मों के बमूजिब भेजी जाय॥

कौनसी अदालत डिगरी जारी कर सकती है

दफ़ा ४८—अगर डिगरी किसी ख़ास जायदाद मनक़ूला की बाबत हो तो वह इस तरह जारी की जा सकती है कि वह जायदाद क़ब्ज़े में ले लीजाय और डिगरीदार को हवाले कर दीजाय। अगर वह जायदाद ऐसी

किसी ख़ास जायदाद मनक़ूला की डिगरी किस तरह जारी की जायगी

दफ़ा ५०—गांव की अदालत की कोई डिगरी इस तरह जारी नहीं की जायगी कि डिगरी के देनदार को पकड़ा जाय या ग़ैर मनक़ूला जायदाद कुर्क़ की जाय। मगर जो कुछ दफ़ा ६७ और दफ़ा ६६ में लिखा है वह हो सकता है॥

कोई डिगरी का देनदार पकड़ा नहीं जायगा। और न ग़ैर मनक़ूला जायदाद कुर्क़ की जायगी

दफ़ा ५१—डिगरीदार की दरख़ास्त पर गांव की अदालत कोई ऐसी जायदाद मनक़ूला जो डिगरी के देनदार की उस अदालत के हलक़े के अन्दर हो और जिसकी निशानदिही डिगरीदार करे (यानी जो डिगरीदार बता दे) उतनी मालियत तक की जितना रुपया डिगरी की रू से अदा होना चाहिये कुर्क़ करेगी।

जायदाद मनक़ूला की कुर्क़ी

मगर ऐसी कुर्क़ी नीचे लिखी हुई जायदादों की नहीं होगी, यानी—

(१) ज़रूरी पहिनने के कपड़े और ओढ़ने बिछाने की चीज़ें डिगरी के देनदार और उसकी बीवी और बच्चों की।

(२) कारीगरों के औज़ार और अगर डिगरी के देनदार का पेशा खेती का हो तो उसके खेती करने के आलात (यानी हल वग़ैरः) और ऐसे मवेशी (ढोर) और ऐसा बीज का अनाज जिसकी कि ज़रूरत अदालत की राय में डिगरी के देनदार को इस लिये हो कि अपने खेती के पेशे से रोज़ी पैदा कर सके।
